संख्या-97/2017/848/26-3-2017-10(28)/1999

प्रेषक,

कामता प्रसाद,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण
उ0प्र0, लखनऊ।

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊः दिनांक 16 जून, 2017

विषयः- चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 के अनुदान संख्या-80 के अन्तर्गत प्रथम 05 माहों (अप्रैल, 2017 से अगस्त, 2017 तक) के लिये स्वीकृत लेखानुदान के सापेक्ष राजकीय वृद्ध एवं अशक्त व्यक्तियों के लिये आवासीय गृह अधिष्ठान की वित्तीय स्वीकृति जारी करने के सम्बन्ध में।

महोदय

उपर्युक्त विषयक निदेशालय, समाज कल्याण के पत्र संख्या-601-02/स0क0/लेखा-बजट/लेखा-अनुदान स्वीकृत/2017-18 दिनांक 01.06.2017 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है, कि वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2017/बी-1-02/दस-2017-231/2017, दिनांक 02 जनवरी 2017 एवं वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या-3/2017/बी-1-348/दस-2017-231/2017, दिनांक-20 मार्च, 2017 जो समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष, उ0प्र0 को भी पृष्ठांकित है, द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 के प्रथम 05 माहों (अप्रैल, 2017 से अगस्त, 2017 तक) के लिये स्वीकृत लेखानुदान के सापेक्ष वित्तीय स्वीकृतियां निर्गत किये जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं, जिसके अधीन अनुदान संख्या-80 के लेखाशीर्षक-'2235-सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण-02-समाज कल्याण-104-वृद्ध अशक्त तथा निःसहाय व्यक्तियों का कल्याण-03-वृद्ध एवं अशक्त व्यक्तियों के लिये आवासीय गृह में प्राविधानित धनराशि **रूपया-43.56 लाख (रूपये तिरालिस लाख छप्पन हजार मात्र)** के सापेक्ष प्रथम 05 माहों (अप्रैल, 2017 से अगस्त, 2017 तक) के लिये लेखानुदान धनराशि **रूपया-17.70 लाख (रूपये सत्रह लाख सत्तर हजार मात्र)** की धनराशि अवमुक्त कर निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन व्यय किये जाने हेतु आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैंः-

(धनराशि लाख रूपये में)

योजना/मद का नाम	आय-व्ययक प्राविधान 2017-18	लेखानुदान के अन्तर्गत प्रस्तावित धनराशि (प्रथम 05 माह हेतु)
1	2	3
2235-सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण-02-समाज कल्याण-104-वृद्ध अशक्त तथा निःसहाय व्यक्तियों का कल्याण-03-वृद्ध एवं आशक्त व्यक्तियों के लिये आवासीय गृह		

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

01-वेतन	29.71	12.68
03-मंहगाई भत्ता	1.49	0.62
04-यात्रा व्यय	0.10	0.04
05-स्थानान्तरण यात्रा व्यय	0.15	0.06
06-अन्य भत्ते	1.59	0.66
07-मानदेय	0.01	0.00
08-कार्यालय व्यय	0.15	0.06
09-विद्युत देय	0.50	0.21
10-जलकर/जलप्रभार	0.25	0.10
11-लेखन सामग्री और फार्मो की छपाई	0.15	0.06
12-कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	0.25	0.10
17-किराया उपशुल्क और कर स्वामित्व	1.00	0.42
29-अनुरक्षण	0.30	0.13
41-भोजन व्यय	3.00	1.25
42-अन्य व्यय	0.10	0.04
43-सामग्री एवं सम्पूर्ति	1.00	0.42
45-अवकाश यात्रा व्यय	1.00	0.42
49-चिकित्सा व्यय	1.00	0.42
51-वर्दी	0.02	0.01
52-पुनरीक्षित वेतन का अवशेष (राजकीय)	1.79	0.00
योग-03:-	43.56	17.70

(रूपये सत्रह लाख सत्तर हजार मात्र)

(1) स्वीकृत की जा रही धनराशि वर्ष 2017-18 में प्रथम 05 माहों (अप्रैल, 2017 से अगस्त, 2017 तक) के लिये है, जिसके सापेक्ष अनुदान के अन्तर्गत होने वाले सम्भावित व्यय की फेजिंग कार्य की प्रकृति एवं अवसर के अनुसार कर लें, जहां तक सम्भव हो, व्यय की फेजिंग प्रतिमाह समान रूप से की जाय। बजट आवंटन में इस बात का स्पष्ट उल्लेख किया जाय कि आहरण वितरण अधिकारियों द्वारा कोषागार से धनराशि का आहरण तत्काल आवश्यकता होने पर ही किया जाये।

(2) स्वीकृत की जा रही धनराशि के सापेक्ष व्यय हेतु वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/ 2017/बी-1-02/दस-2017-231/2017, दिनांक 02 जनवरी 2017 एवं एवं वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या-3/2017/बी-1-348/दस-2017-231/2017, दिनांक-20 मार्च, 2017 में दिये गये दिशा-निर्देशों एवं प्राविधानों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। निवर्तन पर रखी जा रही धनराशि के संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि धनराशि का आवंटन (एलाटमेन्ट) मात्र किसी प्रकार के व्यय करने का प्राधिकार नहीं देता है। धनराशि व्यय करने से पूर्व जिन मामलों में बजट मैनुअल, फाइनेन्शियल हैण्डबुक के नियमों तथा अन्य स्थायी आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार/केन्द्र सरकार अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति आवश्यक हो, उनमें ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाये। धनराशि के व्यय हेतु शासन द्वारा मितव्ययिता के संबंध में समय-समय पर निर्गत सुसंगत वित्तीय नियमों तथा आदेशों

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये तथा उ0प्र0 बजट मैनुअल के पैरा-88 में इंगित व्यवस्था के अनुसार व्यय को प्राधिकृत विनियोग सीमा/स्वीकृत/अवमुक्त धनराशि के भीतर रखा जाये।

(3) वित्तीय स्वीकृतियों के सापेक्ष व्यय की नियमित संवीक्षा अपने स्तर पर किये जाने की व्यवस्था करें तथा समीक्षा में यदि किसी मामले में सीमाधिक्य व्यय दृष्टिगोचर हो तो उसे तत्काल शासन के समाज कल्याण विभाग तथा संबंधित वित्त(व्यय नियंत्रण) अनुभाग के संज्ञान में लाया जाये। इस संबंध में बी0एम0-13 में नियमित रूप से शासन को सूचना उपलब्ध कराई जाये तथा बजट मैनुअल में निर्धारित विभिन्न प्रपत्रों के माध्यम से इस संबंध में निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

(4) उक्त स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष व्यय के विवरण सहित प्रथम 05 माहों (अप्रैल, 2017 से अगस्त, 2017 तक) की धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। उपर्युक्त धनराशि व्यय किये जाने के संबंध में उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल के प्रस्तर-12 में दी गई शर्तों की पूर्ति तथा वित्तीय औचित्य के मानकों (स्टैण्डर्ड्स आफ फाइनेन्शियल प्रोप्राइटी) का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाए।

(5) उपर्युक्त स्वीकृति की जा रही धनराशि तथा वित्तीय वर्ष 2017-18 में स्वीकृत धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र नियमानुसार महालेखाकार एवं शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

यह आदेश वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2017/बी-1-02/दस-2017-231/2017, दिनांक 02 जनवरी, 2017 एवं वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या-3/2017/बी-1-348/दस-2017-231/2017, दिनांक-20 मार्च, 2017 द्वारा प्रशासकीय विभागों को दिये गये दिशा-निर्देशों के अधीन जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

कामता प्रसाद
अनु सचिव

संख्या-97/2017/848(1)/26-3-2017 तद्दिनांक

प्रतिलिपि संलग्नक सहित निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1-महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0,इलाहाबाद।
2-प्रधान महालेखाकार (सिविल आडिट) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0, इलाहाबाद।
3-कोषाधिकारी,जवाहर भवन, उ0प्र0 लखनऊ।
4-वित्त(व्यय-नियंत्रण)अनुभाग-3/वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन।
5-संबंधित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी द्वारा निदेशक, समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश।
6-वित्त नियंत्रक, समाज कल्याण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
7-निदेशक, एन0आई0सी0, योजना भवन, लखनऊ।
8-गार्डफाइल।

आज्ञा से

कामता प्रसाद
अनुसचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in